आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट



उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :433 पृष्ठ -4 दिनांक 24 मार्च 2025 दिन सोमवार

## बदायूं में तेज हवाओं और बूंदाबांदी से गेहूं की फसल को हुआ नुकसान, किसानों की बढ़ी चिंता

### अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया



बदायूं : मौसम के रुख में शनिवार को अचानक से बदलाव आ गया। सुबह करीब दस बजे तेज ठंडी हवाएं चलने लगी। करीब आधा घंटे तक चली तेज हवाओं के बाद से मौसम साफ हो गया। फिर दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई। कुछ क्षेत्रों में गेहूं की फसल खेतों में बिछ गई। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। मौसम में आए बदलाव से तापमान में भी गिरावट आ गई। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।पहले सहसवान फिर बिल्सी में आंधी के साथ बारिश होने लगी। हालांकि इस बीच शहर में धूप निकली हुई थी, लेकिन दोपहर ढाई बजे के बाद अचानक आसमान में काली घटाएं घिर आईं और 20 से 25 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चलने लगीं। धूल के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। इसी बीच बारिश भी होने लगी। अचानक मौसम के करवट बदलने के कारण जो जहां था, वहीं ठहरकर रह गया है।तेज हवाएं चलने से कुछ क्षेत्रों में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई। सबसे अधिक अधिक नुकसान सहसवान क्षेत्र में बताया जा रहा है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से शहर की बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। ताकि बिजली लाइनें टूटकर गिरने से कोई हादसा न हो। मौसम में आए बदलाव की वजह तापमान में भी गिरावट आ गई। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया। कृषि अधिकारियों के मुताबिक दो दिनों तक बारिश के आसार बने हुए हैं। रविवार को दिन में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। जिससे तापमान में गिरावट रहेगी।किसानों के माथे पर आई शिकन आंधी बारिश आने से गेहूं की फसल करने वाले किसानों के माथे पर शिकन आ गई हैं। खेतों में तैयार खड़ी फसल गिरने से खराब होने का अंदेशा किसान जता रहे हैं। किसान रामपाल ने बताया कि आंधी बारिश से गेहूं की फसल गिर गई हैं। अगर तेज बारिश हुई तो उनकी फसल खराब हो जाएगी। गेहूं का दाना काला पड़ जाएगा।

## धामी सरकार के तीन साल पूरे, भव्य रोड शो और सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीएम ने गिनाईं उपलब्धियां

उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने अपने तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है. इस अवसर पर राजधानी देहरादून में रविवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत सुबह फिट इंडिया रन से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया. इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहर में भव्य रोड शो निकाला. रोड शो के दौरान जगह-जगह फूलों की वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया.परेड मैदान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने राज्य सरकार की तीन वर्षों की उपलब्धियों को गिनाया और कई अहम घोषणाएं कीं. कार्यक्रम मेंभाजपा कार्यकर्ताओं, गणमान्य व्यक्तियों और बड़ी संख्या में आम जनता ने भाग लिया. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी है.सीएम धामी के नेतृत्व में निकाले गए रोड शो में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल हुए. पूरे शहर में रोड शो के दौरान भारी भीड़ उमड़ी. विभिन्न स्थानों पर लोगों ने फूलों की वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया. इसके बाद सीएम ने परेड मैदान में सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया.

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सबसे पहले राज्य आंदोलनकारियों को नमन किया और उत्तराखंड के लिए उनके संघर्ष को याद किया. उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने दोबारा भाजपा को जनमत देकर सत्ता में वापसी कर एक मिथक तोड़ दिया है. उन्होंने कहा कि तीन साल के कार्यकाल में सरकार ने कई चुनौतियों का सामना करते हुए ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनकी गूंज पूरे देश में है.सीएम धामी ने कहा कि "उत्तराखंड को देश का सबसे तेजी से उभरता हुआ पर्यटन और वेलनेस डेस्टिनेशन बनाने के लिए प्रयासरत हैं.ष उन्होंने बताया कि राज्य में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत की कमी आई है. सरकार ने भर्ती परीक्षाओं में धांधली करने वाले नकल माफिया पर शिकंजा कसने के लिए देश का पहला कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया है. इसके अलावा भू-कानून में भी संशोधन कर इसे और सख्त बनाया गया है.इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेशवासियों को कई सौगातें दीमुख्यमंत्री ने कहा कि उपनल और संविदा कर्मचारियों को सरकारी विभागों में खाली पदों पर नियमित करने के लिए ठोस नीति बनाई जाएगी. इससे हजारों कर्मचारियों को स्थायी रोजगार मिलने का रास्ता साफ होगा.सरकार स्थानीय ठेकेदारों को सरकारी कामों में प्राथमिकता देगी. उन्होंने कहा कि 10 करोड़ रुपये तक के काम स्थानीय ठेकेदारों को दिए जाएंगे, जिससे प्रदेश के व्यवसायियों को लाभ मिलेगा.

## यूपी के मेरठ जिले में सौरभ राजपूत मर्डर केस की जांच हुए कई अहम खुलासे



लखनऊध्मेरठ। यूपी के मेरठ जिले में सौरभ राजपूत मर्डर केस की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे कई अहम खुलासे हो रहे हैं। जांच कर रही पुलिस को कई अहम बातें पता चली हैं। जो पुलिस और सौरभ-मुस्कान के परिजनों के लिए भी चौंकाने वाले हैं।अब तक के पुलिस जांच में पता चला है कि मुस्कान और साहिल को सौरभ की हत्या करने का कोई पछतावा नहीं है। दोनों सौरभ की हत्या करके शव ठिकाने लगाने के बाद हिमाचल चले गए थे। जहां उन्होंने शिमला के होटल में कमरा बुक किया। कैब ड्राइवर से केक मंगवाकर साहिल का बर्थडे मनाया, कसोल में दोनों ने होली खेली। रेव पार्टी में डीजे पर डांस किया। इससे जुड़े वीडियो आए हैं, जिन्हें पुलिस ने जांच में शामिल किया है।जांच के अनुसार, 25 फरवरी को पत्नी मुस्कान और 28 फरवरी को बेटी पीहू का बर्थडे सौरभ राजपूत ने सेलिब्रेट किया। इस दौरान तीनों ने खूब डांस भी किया, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, लेकिन इस बीच मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर हत्या करने के लिए सामान भी खरीदा था। साहिल और मुस्कान दोनों ने चाकू, उस्तरा, नशीली दवाई, पॉलीथिन बाजार जाकर खुद खरीदा था।ब सिटी आयुष विक्रम सिंह के अनुसार, पुलिस शारदा रोड पर बनी उस दुकान से कंफर्म कर चुकी है, जहां से 22 फरवरी 2025 को मुस्कान ने चाकू, ड्रम और दवाइयां खरीदी थीं। उस मेडिकल स्टोर के मालिक अमित जोशी से भी बात हुई, जिससे नींद की दवा खरीदी गई थी। अमित ने बताया कि मुस्कान एक बुजुर्ग आदमी के साथ आई थी। बुजुर्ग ने एक डॉक्टर की स्लिप दिखाई थी, जिस पर नींद की दवा लिखी थी। वह दवा दोनों ने खरीदी और चले गए। मुस्कान ने बुजुर्ग को अपना पिता बताया था। अब पुलिस को बुजुर्ग की तलाश है।जांच में पता चला है कि साहिल और मुस्कान के अवैध संबंधों के बारे में सौरभ राजपूत को पहले से पता था। उसने साल 2021 में दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। मुस्कान और साहिल स्नैपचौट पर बातें करते थे, लेकिन हत्या से पहले वह चौट डिलीट कर दी गई। इसलिए पुलिस साहिल और मुस्कान के मोबाइल को लैब भेजकर चौट रिकवर कराएगी। सौरभ का मोबाइल भी फोरेंसिक लैब भेजा गया है।जांच में पता चला है कि सौरभ की हत्या करने की साजिश साल 2024 से ही रची जा रही थी। नवंबर 2024 में मुस्कान और साहिल ने सौरभ को मारने का प्लान बना लिया था। इसके लिए उन्होंने उस जगह का भी पता लगाया था, जहां जानवरों को दफनाया जाता था, ताकि हत्या के बाद सौरभ का शव वहीं दबाने का प्लान था, ताकि लोगों को लगे कि जानवर की मौत हुई जांच में पता चला है कि सौरभ के खाते में 6 लाख रुपये थे, जो उसने ठगी होने के डर से निकाल लिए थे। कुछ पैसे उसने परिजनों को दे दिए थे और एक लाख रुपया मुस्कान को दिया था, जिससे उसने साहिल के साथ हिमाचल में ऐश की। जब पैसे खत्म हो गए तो वह दोनों मेरठ आ गए। हत्यारोपी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल शुक्ला ने सोची समझी साजिश के तहत वारदात को अंजाम दिया है। 3-4 मार्च की आधी रात को दोनों ने सौरभ को नशीला पदार्थ पिलाकर चाकू से वार करके उसकी हत्या कर दी। इसके बाद दोनों ने मिलकर शव के टुकड़े किए। 17-18 मार्च को वारदात का खुलासा हुआ और पुलिस ने सौरभ का शव बरामद किया। अब साहिल और मुस्कान दोनों मेरठ जेल में हैं।

## केशव प्रसाद मौर्य के सीएम बनाने की मांग पर संजय निषाद का बड़ा बयान




उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के विधायक श्याम प्रकाश के एक बयान से भारी सियासी बवाल मच गया है. हरदोई में एक कार्यक्रम के दौरान प्रकाश ने कहा कि केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री यूपी) सिर्फ मौर्य समाज नहीं बल्कि सभी के नेता है. मेरा नाम है कि बाबा (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) केंद्र में जाएं और सीएम केशव प्रसाद मौर्य बनें.बीजेपी विधायक के इस बयान पर निषाद पार्टी के नेता और योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद ने प्रतिक्रिया दी है. योगी आदित्यनाथ के केंद्र में जाने वाले भाजपा नेता के बयान पर निषाद ने कहा कि कहा - वह बहुत बड़ी पार्टी है. वहां एक छोटा कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री बन जाता है. एक नेता के कहने से नहीं होता है. कैबिनेट मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हमारे अभिभावक हैं,उन्होंने उत्तर प्रदेश को प्रगति दिया है. बीजेपी के सहयोगी नेता तक इस पर बहुत कुछ खुलकर बोलने से बच रहे हैं. इस बीच संजय निषाद का बयान आया है. इसके साथ ही उन्होंने ।ठच् छमू से बात. चीत के दौरान कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि सपा बसपा कांग्रेस की तरह कुछ विभीषण जैसे भाजपा नेताओं ने भी हमारे वर्ग के लोगों को अधिकार से वंचित किया. भाजपा के शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करना चाहूंगा की नई सूची में ऐसे नेताओं को बाहर कर दिया, छटनी कर दिया उनको उठाकर फेंक दिया.

## युवती की सजगता से साइबर ठगों के मंसूबे नाकाम




बरेली । डिजिटल युग में ऑनलाइन बैंकिंग और लेन-देन जितना सुविधाजनक हो गया है, उतना ही साइबर अपराधियों के लिए ठगी का जरिया भी बन गया है। इसी तरह का मामला बरेली के सौ फुटा रोड स्थित राधा एन्क्लेव की निवासी श्रुति जैन के साथ हुआ, जब साइबर ठगों ने उनके खाते से 36,120 रुपये का ऑनलाइन भुगतान कर लिया। हालाँकि, समय रहते उन्होंने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, जिससे 29,120 रुपये होल्ड हो गए और उनके वापस मिलने की संभावना बढ़ गई।इस तरह हुआ ऑनलाइन भुगतान श्रुति जैन के अनुसार, 30 मई 2024 को उनके खाते से 7,000 रुपये और फिर 31 मई को 29,120 रुपये का ऑनलाइन भुगतान किया गया। जब उनके मोबाइल पर बैंक से ट्रांजेक्शन का मैसेज आया, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल की त्वरित कार्रवाई के चलते 29,120 रुपये को होल्ड कर लिया गया, जिससे यह राशि वापस मिलने की उम्मीद बनी हुई है।इस घटना की रिपोर्ट थाना इज्जतनगर पुलिस ने भी दर्ज कर ली है और मामले की जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि साइबर ठगों ने किस प्रकार श्रुति के बैंक खाते की जानकारी हासिल की और उनके पैसे निकालने में सफल रहे।साइबर ठगी का बढ़ता खतरा आज के समय में ऑनलाइन बैंकिंग के बढ़ते चलन के कारण साइबर अपराधों की संख्या भी बढ़ रही है। ठग नए-नए तरीकों का इस्तेमाल कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। किसी को फिशिंग मेल भेजकर, तो किसी को फर्जी कॉल के जरिए बैंकिंग डिटेल्स हासिल कर ठगी की जा रही है। कई बार साइबर अपराधी सोशल मीडिया या अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से लोगों की निजी जानकारी निकालकर भी वारदात को अंजाम देते हैं।साइबर पुलिस की सलाह बरेली साइबर सेल के अधिकारियों ने बताया कि ऑनलाइन ठगी के मामलों में यदि पीड़ित समय पर शिकायत दर्ज कराए, तो उनकी राशि होल्ड कराई जा सकती है और वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इसके लिए शिकायतकर्ता को तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करना चाहिए और साइबर क्राइम पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करनी चाहिए।श्रजो डिजिटल बैंकिंग का उपयोग करते हैं। साइबर अपराधी किसी भी व्यक्ति को निशाना बना सकते हैं, इसलिए सतर्कता बेहद जरूरी है। जागरूकता और सतर्कता से ही साइबर ठगी से बचा जा सकता है। यदि किसी को भी इस तरह की ठगी का सामना करना पड़े, तो बिना देर किए साइबर पुलिस और बैंक से संपर्क करना चाहिए ताकि धनराशि को सुरक्षित रखा जा सके।

## सालार मसूद गाजी की दरगाह पर ताला लगने की बात अफवाह! दरगाह कमेटी ने कहा- खुद ही बंद किया मेन गेट



प्रयागराज की सोरांव तहसील के सिकंदरा कस्बे में स्थित सालार मसूद गाजी के रौजे यानी दरगाह पर कथित तौर पर पुलिस प्रशासन द्वारा ताला लगाकर बंद किए जाने की चर्चाओं को पुलिस और दरगाह कमेटी ने पूरी तरह गलत बताते हुए चर्चाओं का खंडन किया है. इस बारे में दरगाह कमेटी के अध्यक्ष ने वीडियो संदेश जारी कर इन चर्चाओं को पूरी तरह से अफवाह बताया. कमेटी की तरफ से कहा गया है कि दरगाह के अंदर रंगाई पुताई और मरम्मत का काम होना है. इस वजह से मुख्य द्वार पर ताला लगाकर गेट को बंद कर दिया गया है. यह ताला पुलिस प्रशासन की तरफ से नहीं बल्कि खुद दरगाह कमेटी की तरफ से लगाया गया है. जो श्रद्धालु अंदर जाना चाहते हैं उनके लिए दूसरे साइड से छोटा गेट खोला गया है. गौरतलब है कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन द्वारा जबरन दरगाह को बंद कराए जाने की अफवाह फैला रहे थे. फोटो और वीडियो अपलोड कर अफवाह फैलाने का काम कर रहे थे. इस सूचना पर स्थानीय पुलिस खुद दरगाह पर पहुंची थी. वास्तविकता जानने के लिए मौके पर पहुंची पुलिस की तस्वीरे और वीडियो सोशल मीडिया पर गलत नजरिए से पेश किया जा रहा था.इसके बाद भी मौके पर पहुंची पुलिस की तस्वीरों के साथ यह दावा किया जा रहा था कि पुलिस प्रशासन ने हीं दरगाह को बंद करा दिया है, जबकि हकीकत यह है कि मुख्य द्वार को दरगाह कमेटी ने खुद ही बंद किया है. पुलिस सिर्फ वहां मुआयना करने और जानकारी जुटाने के लिए पहुंची थी. दरगाह कमेटी के अध्यक्ष सफदर जावेद ने वीडियो जारी कर लोगों के सामने सच्चाई भी बयां की है. प्रयागराज शहर से तकरीबन 35 किलोमीटर दूर सिकंदरा इलाके में भी सालार मसूद गाजी की दरगाह है. यहां हर रविवार को श्रद्धालुओं की ज्यादा भीड़ उमड़ती है. इसके अलावा हिंदी कैलेंडर के ज्येष्ठ महीने में सालाना मेले का आयोजन होता है. आज सुबह सोशल मीडिया पर भ्रामक वीडियो और तस्वीरें जारी होने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया था लेकिन पुलिस प्रशासन और दरगाह कमेटी द्वारा स्थिति साफ किए जाने के बाद अब सब कुछ पहले की तरह सामान्य है.

# हाथरस में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहा तालाब पर डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई



हाथरस में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहा तालाब पर डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई। कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह और राजगुरु को भी श्रद्धांजलि दी गईकार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. लोहिया के जीवन और समाजवादी संघर्ष को याद किया। उन्होंने कहा कि लोहिया जी का संघर्ष स्वर्गीय नेताजी मुलायम सिंह यादव के लिए प्रेरणास्रोत रहा। नेताओं ने वर्तमान राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब है।2027 में सरकार बनाने का दावा समाजवादी नेताओं ने 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनने का दावा किया। कार्यक्रम को सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामनारायण काके, पूर्व शहर अध्यक्ष मो. हम्मद इरशाद शाह, पूर्व महासचिव डॉ. एम खान, डॉ. कैलाश बिहारी गौड़, एडवोकेट बालकिशन यादव समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व शहर महासचिव योगेश समाधिया, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हाजी नवाब हसन, आजाद कुरेशी, राजू खान, गौरी शंकर बघेल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## हाथरस के सासनी में आगरा–अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर नगला भंबू के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने मोपेड में टक्कर मार दी

हाथरस के सासनी में आगरा–अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर नगला भंबू के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने मोपेड में टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नगला भंबू निवासी 45 वर्षीय पूरन सिंह के रूप में हुई है।वह मोपेड से राशन लेकर लौट रहा था। नेशनल हाईवे पर वह मोपेड के साथ खड़ा था। इसी दौरान अलीगढ़ की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोपेड को टक्कर मार दी।हादसे में गंभीर रूप से घायल पूरन सिंह को परिजन उपचार के लिए ले गए। लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।परिजनों में शोक की लहरपूरन सिंह मेहनत–मजदूरी कर अपने परिवार का भरण–पोषण करते थे। उनकी मौत से उनके छह बच्चे अनाथ हो गए हैं। घटना के बाद परिवार में को. हराम मचा हुआ है।

## हाथरस के सिकंद्राराऊ में एटा–अलीगढ़ नेशनल हाईवे गांव बिलार के पास कानपुर से दिल्ली जा रहा सेब से भरा ट्रक ई–रिक्शा पर पलटा

हाथरस के सिकंद्राराऊ में एटा–अलीगढ़ नेशनल हाईवे गांव बिलार के पास कानपुर से दिल्ली जा रहा सेब से भरा ट्रक ई–रिक्शा पर पलट गया। हादसे में ई–रिक्शा में सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान गोपाल, कन्हैया के रूप में हुई। ट्रक चालक गिल्लो सिंह जो की पंजाब का रहने वाला है। वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल भेजा गया।घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर अधिकारी भी पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। पुलिस ने क्रेन और हाइड्रा मशीन की मदद से ट्रक को हटाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने यह भी जांच की कि ट्रक के नीचे कोई और व्यक्ति तो नहीं दबा है। दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उनके परिवार के लोगों को भी सूचित कर दिया

## हाथरस के थाना हसायन क्षेत्र के गांव बरसोली में हादसा

हाथरस के थाना हसायन क्षेत्र के गांव बरसोली में हादसा हो गया। मेले में झूला लगाने जा रहे युवक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। मुरसान क्षेत्र के गांव गारब गढ़ी का 24 वर्षीय शक्तिमान अपनी बहन और पत्नी के साथ मेले में झूला लगाने जा रहा था।गांव से बाहर 11000 वोल्ट की बिजली लाइन नीची होने के कारण झूला उससे टकरा गया। करंट लगने से शक्तिमान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में भैंकूरी गांव का लवकुश भी घायल हो गया, जो शक्तिमान को बचाने की कोशिश कर रहा था। घायल लवकुश को गंभीर हालत में अस्पताल भेजा गया है।लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बरसोली गांव के लोगों में बिजली विभाग के खिलाफ गहरा रोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार बिजली लाइन को लेकर शिकायत की, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। गुस्साए ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## बंदरों से परेशान अलीगढ़ प्रशासन जगह–जगह बिठाए नकली लंगूर, जो भगाएंगे असली

अलीगढ़ का जिला प्रशासन उत्पाती बंदरों से परेशान है। उन बंदरों को भगाने के लिए प्रशासन ने लंगूरों के कटआउट बनवाकर जगह–जगह लगवा दिए हैं। प्रशासन को उम्मीद है कि यह नकली लंगूर असली बंदरों को भगाने में कामयाब रहेंगे।जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन व सिविल लाइन इलाके में बंदरों से निजात पाने के लिए अलग तरीका अपनाया है। यहां पर विभिन्न स्थानों पर लंगूरों के कटआउट लगाए गए हैं। इनको देख कर बंदर डर रहे हैं। यह तरीका कितना कामयाब होता है, अब यह समय ही बताएगा। फाइबर से बने यह कटआउट लगाने में लगभग 40 हजार रुपये खर्च हुए हैं।

## फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल इवेंट्स संपन्न हुआ

अलीगढ़।धर्म समाज बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फिजिकल एजुकेशन फा. उंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा संडे ऑन साइकिल इवेंट्स पूरे भारत मे किया जा रहा है।यहां पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष सुरेश गोयल और विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल रेमंड को बुके देकर प्रबंधक संजय कुमार गोयल और प्रधानाचार्या रचना गुप्ता ने स्वागत किया। अध्यक्ष सुरेश गोयल ने साइकिलिंग रैली के खिलाड़ियों पेफी द्वारा टी–शर्तों का वितरण किया और कहा साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है एवं मोटापा भी नहीं बढ़ता है और खिलाड़ियों और छात्र–छात्राओं को प्रतिदिन आधा घंटे साइकिल चलानी चाहिए।प्रबंधक संजय कुमार गोयल ने कहा कि साइकि. लिंग इवेंट के मुहिम पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है और फिट इंडिया मूवमेंट के तहत साइकि. लिंग इवेंट भारत देश में विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है। प्रधानाचार्य रचना गुप्ता ने कहा कि साइकिलिंग रैली धर्म समाज बाल मंदिर से से अध्यक्ष सुरेश गोयल राजीव अग्रवाल रेमंड प्रबंधक संजय कुमार गोयल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई।वहीं साइकलिंग रैली धर्म समाज कॉलेज डाकखाने रामलीला ग्राउंड होते हुए दुबे के पड़ाव होते हुए धर्म समाज बाल मंदिर पर समाप्त हुई।सभी खिलाड़ियों ने रैली समाप्त होने के बाद साइकिलिंग बैनर के सामने सेल्फी लेकर अपने फोटो ऑनलाइन डाउनलोड किया।पेफी अलीगढ चौप्टर के सचिव रिंकू दीक्षित ने बताया कि पेफी और फिट इंडिया के द्वारा संडे ऑन साइकिल का इवेंट्स धर्म समाज बाल मंदिर स्कूल अलीगढ मे आयोजित हुआ जिसमे बड़ी संख्या मे पेफी का मिशन है भारत को सशक्त और मजबूत बनाना है।रैली का संचालन खेल प्रभारी प्रदीप रावत ने किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य रचना गुप्ता,बाइक राइडिंग एंड एडवेंचर के अध्यक्ष योगेश शर्मा,हेड मिस्ट्रेस पूजा जैन,अनुशासन अधिकारी पुष्कर वार्ष्णेय,खेल प्रभारी प्रदीप रावत, खेल प्रशिक्षक रजनीश जैन,खेल प्रशिक्षक गौरव राजपूत,खेल प्रशिक्षक लुबना सफीक,राहुल भाटी,सुमन नंदा,नरेश कुमार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा है।

## हाथरस में दो मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में पुलिस . ने आरोपी को तीन घंटे के भीतर एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया

हाथरस में दो मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी को तीन घंटे के भीतर एनक. ाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया है। थाना सासनी क्षेत्र में हुई इस घटना में आरोपी बोबी पुत्र मुख्तार कुरैशी ने दो बच्चियों को चीज दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया।उसने एक बच्ची के साथ दुष्कर्म और दूसरी से छेड़छाड़ की। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देश पर तीन टीमें गठित की गईं। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी हनुमान चौकी के पास शक्ति वन में छिपा है।इस सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में आत्मरक्षा में की गई कार्रवाही में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी। घायल आरोपी को तुरंत अस्पताल भेजा गया। आरोपी बोबी गांव जरैया में किराए के मकान में रहता है और वहीं कबाड़ी की दुकान चलाता है। वह मूल रूप से आशानगर थाना सासनी का रहने वाला है।पकड़ा गया आरोपी युवक दूसरे समुदाय का है और इस समय जिला अस्पताल में भर्ती है। इसकी जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व अन्य हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता जिला अस्पताल पहुंच गए। इनमें प्रवीण खंडेलवाल, अभिषेक रंजन आर्य, हर्षित गौड़ आदि शामिल थे।हिंदूवादी संगठनों ने आरोपी युवक से मिलने और उसे सबक सिखाने की बात कही। जैसे ही अधिकारियों को इसकी सूचना मिली, सीओ सिटी योगेंद्र कृष्ण नारायण कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ जिला अस्पताल पहुंच गए। अधिकारियों को आशंका थी कि कहीं कोई हंगामा न हो जाए।सीओ सिटी ने हिंदूवादी कार्यकर्ताओं से बातचीत की। उन्हें आश्वासन दिया कि पकड़े गए युवक के खिलाफ पुलिस कड़ी से कड़ी कार्रवाई कर रही। उनके आश्वासन के बाद हिंदूवादी कार्यकर्ता वहां से लौट गए।

## भारतीय जैन मिलन का ऐतिहासिक राष्ट्रीय अधिवेशन अलीगढ़ में हुआ सानंद संपन्न



रविवार को अलीगढ़ आगरा मार्ग स्थित तीर्थधाम मंगलयातन में भारतीय जैन मिलन का ऐतिहासिक राष्ट्रीय अधिवेशन अलीगढ़ में हुआ सानंद संपन्न हुआ। प्रातरू देवदर्शन के साथ चर्तुथ सत्र प्रारंभ हुआ तत्पश्चात खुले मंच के माध्यम से प्रतिनिधियों से विचार विमर्श कर सभी ने अपने विचार प्रस्तुए किए जिसका राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा समाधान किया गया। अधिवेशन में मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज मेरठ एवं राष्ट्रीय महामंत्री अजय कुमार जैन सहारनपुर के साथ नवीन कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई। अधिवेशन में भारतीय जैन मिलन आंदोलन को गतिशील तथा प्रभावी बनाने एवं समाज के सम्मुख विद्यमान समस्याओं पर गंगीर विचार–विमर्श व चिन्तन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा अपनी अधिक से अधिक ऊर्जा का इस्तेमाल सामाजिक एकता के लिए करें एवं भारतीय जैन मिलन की महत्वता को बताया एवं वर्तमान समय में बढ़ रहा पंथवाद संतवाद को एक करने का कार्य जैन मिलन की विचारधारा के साथ हो रहा है। सभी को जैन मिलन से जुड़कर समाज को जोड़ने का कार्य करना चाहिए। जैन मिलन वर्द्धमान ,अलीगढ़ नगर के अध्यक्ष मोहित जैन,मंत्री मयंक जैन,कोषाध्यक्ष नितिन जैन,संयोजक प्रशांत जैन एवं समिति के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार जैन रितुराज एवं राष्ट्रीय महामंत्री अजय कुमार जैन को वीर रत्न की उपाधि से अलंकृत किया गया। दोपहर में 31 वें क्षेत्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया जिसका दीप प्रज्जवलन राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ क्षेत्रीय अध्यक्ष ,मंत्री एवं पदाधिकारियों ने किया। जैन मिलन महिला एवं जैन मिलन वर्द्धमान द्वारा महावीर वंदना का वाचन किया गया। क्षेत्रीय मंत्री सुशील कुमार जैन द्वारा क्षेत्र की वर्षभर की रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं आगामी वर्ष की कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।कार्यक्रम में शामिल हुए शाखाओं को वर्ष भर किए हुए कार्यक्रम के अनुसार सम्मान किया गया, जिसमें सर्वश्रेष्ठ शाखा, श्रेष्ठ शाखा एवं अध्यक्ष मंत्रियों का सम्मान किया गया। अंत में लकी ड्रा निकला कर विजयी व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया एवं अरिहंत जय जय की स्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्वागताद्यक्ष सुरेश कुमार जैन गढ़ी ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. पी.के.जैन ने किया। इस मौके पर राजेंद्र जैन,कमल जैन,शरद जैन ,नृपेंद्र कुमार जैन,संतोष जैन,राजीव जैन छिपेटी,राजा जैन ,निशांत जैन,संजय जैन ,अरुण जैन , सीनेश जैन एवं भारी संख्या में समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## सपा सांसद के खिलाफ क्षत्रिय समाज ने जताया रोष



सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा दिए गए क्षत्रिय महापुरुष महावीर राणा सांगा जी जिनके किस्से आज भी भारत में गर्व के साथ सुनाए जाते है, ऐसे वीर जिन्होंने अपना सबकुछ भारत देश के लिए न्योछावर कर दिया ,समाजवादी पार्टी के तुच्छ मानसिकता से ग्रस्त सांसद द्वारा उनके बारे में अभद्र भाषा का प्रयोग भरी संसद के अंदर किया गया उससे समस्त क्षत्रिय समाज के लोगों में भरी रोष व्याप्त है, सरकार से मांग करते हे कि इस संसद की सदस्यता समाप्त कर इसको जेल में डाला जाए , अन्यथा की स्थिति में समस्त क्षत्रिय समाज सड़कों पर उतरने को बाध्य होगा ,। सभी संगठनों ने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव नेमसिंह सोलंकी के दिशा निर्देशन में और राजा बलवंत सिंह वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष नरसिंह पाल सिंह के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय महासचिव धीरज सिंह और जिला अध्यक्ष संजय चौहान के नेतृत्व में आज थाना गांधी पार्क पर एकत्रित होकर सपा सांसद के खिलाफ थ्प् लिखवा सख्त कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन" ट थाना एवं सी ओ थाना को सौंपा। सौरभ तोमर ने बताया कि नेमसिंह सोलंकी जी को नजरबंद करने के बाद भी हम रुके नहीं एकजुट हुए।सैकड़ों की भीड़ में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, भारतीय किसान यूनियन, राजा बलवंत सिंह वेलफेयर सोसायटी एवं समस्त क्षत्रिय समाज के भाई थाने पर उपस्थित रहे। सभी ने जय राजपुताना के नारे से थाने को गुंजायमान कर दिया।राजू ठाकुर का नउ, धीरज सिंह, राकेश ठाकुर पार्षद, परमेंद्र राणा, संजय चौहान, संदीप राघव, सौरभ तोमर, पुष्पेंद्र पुंढीर, राहुल तोमर , आशीष तोमर , संदीप तोमर, जिला अध्यक्ष वीरांगना ममता सिंह, रुचि राघव, दुर्गेश सोलंकी, ममता सिंह, गोपाल चौहान, धर्मवीर सिंह राघव, रामबाबू सिंह,दीपेंद्र सिंह ,दीपक पुंढीर,हिमांशु चौहान, संतोष चौहान,प्रज्वल सोलंकी,हिमांशु पुंढीर, बिपिन सोलंकी, शरद चौहान आदि सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

## धन्यपुर मंडी से 6 वोल्वो बसों द्वारा निशुल्क तीर्थ यात्रियों को तीर्थयात्रा पर भेजा गया

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस से पूर्व प्रभारी विवेक बंसल के घनिष्ठ सहयोगी समाजसेवी सुनील अग्रवाल छतारी वालों की ओर से धन्यपुर मंडी से 6 वोल्वो बसों द्वारा निशुल्क तीर्थ यात्रियों को तीर्थयात्रा पर भेजा गया । इन बसों में सवार लगभग 350 यात्रि खाटू श्याम सालासार बालाजी, मेहंदीपुर बालाजी, केला करोली व मथुरा वृंदावन में भगवान जी के दर्शन करेंगे । इन बसों को आज विवेक बंसल ने हरी झंडी दिखाकर उनके गंतव्य स्थल के लिए रवाना किया । इससे पूर्व विवेक बंसल ने धनीपुर मंडी परिसर में स्थित धनेश्वर मंदिर में नारियल फोड़कर और भगवान भोलेनाथ का माल्यार्पण करके पूजा अर्चना की । इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि सुनील भाई का यह कार्य काफी सराहनीय और आस्थावान है जिसके लिए वह इन बसों के द्वारा जाने वाले यात्रियों के धन्यवाद के पात्र रहेंगे । इस अवसर पर यहाँ उपस्थित लोगों में दीपक वार्दाना, विक्की गुप्ता, रवि अग्रवाल, जगदीश यादव, अरविंद सिंह रॉबी, व बंटी लाल सहित काफी अन्य लोग उपस्थित थे ।

## स्वाधीनता संग्राम के महान योद्धा सरदार भगत सिंह, सुखदेव व् राजगुरु को अंग्रेजों ने राष्ट्रद्रोही बताकर फांसी पर लटकाया



स्वाधीनता संग्राम के महान योद्धा सरदार भगत सिंह, सुखदेव व् राजगुरु को अंग्रेजों ने राष्ट्रद्रोही बताकर फांसी पर लटकाया था आज इन महान योद्धाओं के "बलिदान दिवस" शहीदी दिवस पर भारी सम्मान एवं श्रद्धा के साथ याद किया गया ़ अखिल भारतीय कांग्रेस कमैटी के हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी विवेक बंसल ने इन तीनों शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धापूर्वक नमन किया ़ इस अवसर पर विवेक बंसल ने कहा कि सरदार भगत सिंह, सुखदेव व् राजगुरु भारत माता के सच्चे सपूत थे देश की स्वाधीनता के लिये उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे इन तीनों शहीदों की इस कुर्बानी को राष्ट्र कभी भूल नहीं सकता । इस अवसर पर शालिनी चौहान, डूंगर सिंह, प्रदीप रावत, मजहर उल कमर, शाहिद खान, ओमप्रकाशजी, सुबोध नंदन शर्मा, रईस गाजी, शम्भूदयाल रावत, पार्षद बिजेन्द्र सिंह बघेल, रोहताश कुमार, मोहम्मद अनवार, सुनील कुमार, रिंकू दिक्षित आदि के साथ साथ अन्य लोग उपस्थित थे ।

# थाना सहावर के सहावर-गंजडुंडवारा मार्ग पर श्री जी ट्रेडिंग कंपनी के स्वामी दाऊ वार्ष्णेय से बदमाशों ने दिनदहाड़े पांच लाख रुपए लूट

थाना सहावर के सहावर–गंजडुंडवारा मार्ग पर श्री जी ट्रेडिंग कंपनी के स्वामी दाऊ वार्ष्णेय से तीन बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े पांच लाख रुपए लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।घटना सुबह करीब 9 बजे की है। श्री जी ट्रेडिंग कंपनी के स्वामी दाऊ वार्ष्णेय मुलायम सिंह इंटर कॉलेज के पास स्थित अपनी दुकान पर पहुंचे ही थे कि तभी अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाश वहां पहुंचे। इनमें से एक बदमाश ने मास्क पहन रखा था। बदमाशों ने व्यापारी से पैसों से भरा थैला छीन लिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित के भाई ने बताया कि थैले में 5 लाख रुपए नकद, दुकान की चाबी और अन्य सामान था। उन्होंने कहा कि बदमाशों ने धमकी देकर पैसे छीन लिए और तेजी से वहां से भाग गए।घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी से घटना की पूरी जानकारी ली और बदमाशों की तलाश में जुट गई। पुलिस ने आसपास के इलाकों



में छापेमारी शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। दिनदहाड़े हुई इस लूट की घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों ने पुलिस से जल्द से जल्द बदमाशों की गिरफ्तारी की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं व्यापारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करती हैं। दथाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम लगातार काम कर रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है। यह घटना एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि बदमाशों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल पुलिस की टीम बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है और जांच जारी है।

# पढ़ाई के साथ किया गया खिलवाड़, विद्यार्थियो ने कॉपियों में रखे पैसे

**कासगंज। संवावदाता इंद्रपाल राजपूत**

यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं में 100 से 500 रुपये के नोट निकल रहे हैं। साथ ही परीक्षार्थियों की गुहार भी लिखी है कि गुरुजी ये मिठाई के पैसे हैं। इनसे मिठाई लेकर खा लेना। बस हमें पास कर देना, आपकी बड़ी कृपा होगी। शनिवार को दोनों केंद्रों पर 20357 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुआ।बीएवी इंटर कॉलेज में हा. ईस्कूल की 9782 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। इनमें से कई उत्तर पुस्तिकाओं में रुपये निकले। अब तक 23864 उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा चुकी है। अब 44723 शेष हैं। मूल्यांकन केंद्र पर 181 शिक्षक अनुपस्थित रहे। सुमंत कुमार



माहेश्वरी इंटर कॉलेज केंद्र पर इंटर की 10565 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। अब तक 32335 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। 64280 उत्तर पुस्तिकाएं शेष रह गई हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक पीके मौर्य का कहना है कि मूल्यांकन कार्य सुचारू चल रहा है। समय से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा कर लिया जाएगा।

# कासगंज–लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को कानपुर अनवरगंज तक चलाने का लिया निर्णय , यात्रियों की दूर होगी परेशानी

**कासगंज। संवावदाता इंद्रपाल राजपूत** कानपुर में ब्रिज पर मरम्मत कार्य के चलते कासगंज–लखनऊ पैसेंजर ट्रेन के निरस्त होने से यात्रियों को परेशानी हो रही थी। अब यह ट्रेन रविवार से अनवरगंज–कानपुर के लिए जंक्शन से शाम के समय रवाना होगी। इससे कानपुर जाने वाले यात्रियों को सहूलियत होगी। कानपुर सेंट्रल में ब्रिज पर 20 मार्च से मरम्मत कार्य चल रहा है। इसके चलते 30 अप्रैल तक मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। रेलवे ने कासगंज जंक्शन से लखनऊ की ओर आने–जाने वाली एक जोड़ी पैसेंजर ट्रेन को निरस्त किया था वहीं अन्य ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए हैं। ट्रेन के निरस्त होने से लोगों को कानपुर की ओर सफर करने में काफी परेशानी होती है। रेलवे ने ट्रेन संख्या 55345–46 कासगंज–लखनऊ पैसेंजर ट्रेन को कानपुर अनवरगंज तक चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 23 मार्च को कासगंज जंक्शन से शाम 4 बजे अनवरगंज–कानपुर के लिए रवाना होगी।

# एटा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की 115वीं जयंती पर विशेष साइकिल यात्रा का आयोजन किया

एटा में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ. राम मनोहर लोहिया की 115वीं जयंती पर विशेष साइकिल यात्रा का आयोजन किया। यात्रा सकीट से शुरू होकर जनेश्वर मिश्रा पार्क तक पहुंची।समा. जवादी पार्टी के जिला महासचिव भूपेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा में हिस्सा लिया। कार्यकर्ताओं ने गांव–गांव में बैलट पोस्टर के माध्यम से पार्टी की नीतियों का प्रचार किया। साथ ही पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) फॉर्मूले के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी।भूपेंद्र प्रजापति ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में साइकिल यात्राएं निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों को घर–घर तक पहुंचाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। लोहिया जयंती के अवसर पर निकाली गई इस



साइकिल यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच नया संदेश देने का प्रयास किया।

# कासगंज पुलिस और एसओजी टीम ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की पांच वारदातों का खुलासा किया

कासगंज पुलिस और एसओजी टीम ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की पांच वारदातों का खुलासा किया है। पकड़े गए आरोपी सुखबीर और सनी कोतवाली कासगंज क्षेत्र के रहने वाले हैं।एसपी कासगंज अंकिता शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर अमापुर क्षेत्र में एक ही दिन में तीन मकानों में चोरी की। इसके अलावा सोरों क्षेत्र में एक ऑटो पार्ट्स और एक परचून की दुकान में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।चोरों ने इन वारदातों में करीब 5 लाख रुपए के जेवरात, नकदी और अन्य सामान चुराया था। पुलिस ने आरोपियों से 21 हजार रुपए नकद, सोने–चांदी के जेवरात और तमंचा–कारतूस बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। एसपी अंकिता शर्मा ने मामले का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपए का इनाम देकर सम्मानित किया है।

# सरकारी मेले में लीजिए जलेबी और पूड़ी–सब्जी का जायका

?एटा। प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने पर जिला पंचायत परिसर में प्रशासन मेला लगवा रहा है। इस सरकारी मेले में खास बात यह होगी कि लोगों को स्थानीय व्यंजनों का जायजा मिलेगा। जलेबी, पूड़ी–सब्जी, समौसे, भल्ला विशेष तौर पर तैयार कराए जाएंगे।25 से 27 मार्च तक इस मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इनके माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिले के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह इसका उद्‌घाटन करेंगे। सरकार के 8 साल पर तैयार की गई विशेष लघु फिल्म और महाकुंभ पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं विकास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। प्रत्येक दिन विचार गोष्ठी, संवाद सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा।इस सबके बीज लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र फूड कोर्ट रहेगा। इसमें एटा के स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इसकी जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को सौंपी गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि जिले के पारंपरिक स्थानीय व्यंजनों में जलेबी, पूड़ी–सब्जी, समौसे, भल्ला को चिह्नित किया गया है। इनके स्टॉल लगवाए जाएंगे। तय शुल्क भुगतान कर लोग इनका जायजा ले सकेंगे। ये सभी व्यंजन लोगों के सामने मौके पर ही तैयार किए जाएंगे, जिससे कि लोग उनको तैयार करने का तरीका भी समझ सकें।

# एटा के राजा का रामपुर में राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के विवादित बयान के खिलाफ क्षत्रिय समाज में भारी रोष

एटा के राजा का रामपुर में राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के विवादित बयान के खिलाफ क्षत्रिय समाज में भारी रोष है। सैकड़ों क्षत्रिय समाज के लोगों ने क्षत्रिय नेता सिंपल सिंह राठौर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सांसद का पुतला फूंका और उस पर चप्पलें बरसाईं।स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने लोगों को शांत करने का प्रयास किया। क्षत्रिय नेता सिंपल सिंह राठौर ने कहा कि सांसद रामजीलाल सुमन ने महाराणा सांगा के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया है। उन्होंने सांसद की सदस्यता रद्द करने और निलंबन की मांग की है।करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि अगर सांसद माफी नहीं मांगते हैं तो आंदोलन उग्र होगा। प्रदर्शन में भाजपा नेता अर्जुन सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष सोमेंद्र राठौर, करणी सेना जिलाध्यक्ष माधव सिंह राठौर समेत कई नेता मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने सांसद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और लिखित शिकायत देने की बात कही है।




# जलेसर। दो–तीन दिन हुए विवाद के बाद पत्नी बच्चों और पशुओं को साथ लेकर मायके चली गई

जलेसर। दो–तीन दिन हुए विवाद के बाद पत्नी बच्चों और पशुओं को साथ लेकर मायके चली गई। इससे नाराज होकर पति ने फंदा लगाकर जान दे दी। मामला जलेसर थाना क्षेत्र के गांव पिलखतरा का है। यहां रविवार की सुबह गांव के बाहर पेड़ पर उसका शव लटका मिलाविपिन कुमार निवासी पिलखतरा ने बताया कि चाचा महाराज सिंह (50) की पिछले दो–तीन दिन से चाची बसंती देवी के साथ कहासुनी हो रही थी। शनिवार को ही दोनों के बीच किसी बात को लेकर काफी विवाद और झगड़ा हुआ। इसी के बाद दोपहर के समय चाची घर का सारा सामान, 40 बकरी, एक भैंस और एक गाय को गाड़ी में भरकर अपने मायके चली गई। औरैया जनपद के चिरौली में चाचा की ससुराल है। इतना ही नहीं चाची अपने साथ एक पुत्री और चारों पुत्रों को भी ले गईं। जिसके बाद चाचा मानसिक रूप से तनाव में आ गए थे।शनिवार की देर रात वह बिना बताए कहीं चले गए और रविवार की सुबह गांव के बाहर एक पेड़ पर फंदे से लटकते मिले। सूचना मिलते ही थाना पुलिस, डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। सीओ जलेसर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता लग सकेगा। फिलहाल फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम घटना की जांच गहनता के साथ कर रही हैं।

एटा। कोतवाली नगर में रजनी कुमारी निवासी कृष्णा नगर पीपल अड्डा ने पति विपिन कुमार निवासी कासिमपुर थाना दादों जिला अलीगढ़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि पति 5 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज में मांगता है। मना करने पर पीटते हुए मायके में छोड़ गया।रजनी ने बताया कि पिता बलवीर सिंह ने 6 नवंबर 2011 को विपिन के साथ उसका विवाह किया था। सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज देते हुए लगभग 16 लाख रुपये शादी में खर्च किए थे। कुछ दिन बाद ही पति विपिन कुमार, ससुर प्रेमपाल, सास गुड्डी देवी, ननद शशी और ननदोई नीतेश कुमार अतिरिक्त दहेज के लिए परेशान करने लगे। 5 लाख रुपये देने में असमर्थता जताई तो शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।कुछ समय बाद एक बच्ची को जन्म दिया तो पीटा और कहा कि हमें बेटा चाहिए था। अब तो 5 लाख रुपये जरूर लेकर आओ तभी रखेंगे। एक दिन बहाना कर कार में बिठाकर लाए और पीपल अड्डे पर छोड़कर भाग गए। कहा कि दोबारा ससुराल आई तो जान से मार देंगे। रिपोर्ट लिखाने थाने में पहुंची तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद एसएसपी के यहां प्रार्थना पत्र दिया, तब उनके आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## पीड़ित ध्यान दें

यदि आप भ्रष्टाचार, भेदभाव, अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हैं

यदि आपकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

यदि आपके आसपास किसी भी प्रकार की कोई जन सामाजिक समस्या या कोई अपराध हो रहा है तो सम्पादक 'जननायक सम्राट' को पूरे विवरण के साथ पत्र लिखकर इसकी जानकारी दें या मिलें।

इसे 'जननायक सम्राट' को प्रकाशित कर राष्ट्रीय स्तर पर उजागर किया जाएगा। पत्र भेजने वाले का पूरा नाम एवं पता देने आवश्यक है।इसे पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा।

**मो. 8218049162**

email: jannayaksamrataligarh@gmail.com
jnsnews24aligarh@gmail.com

# चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा, जानिए पूजन विधि

## 9 दिनों तक चलने वाले नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है.

चौत्र नवरात्रि की शुरुआत रविवार 30 मार्च 2025 से हो रही है. नौदिवसीय नवरात्रि में नौ दिनों तक देवी दुर्गा के अलग–अलग रूपों की पूजा करने का महत्व है, जिसे कहा जाता है. मां दुर्गा के नौ रूपों में मां शैलपुत्री प्रथम स्वरूप हैं. इसलिए पहले दिन इनकी पूजा करने का विधान है. नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है. सबसे पहले घटस्थापना किया जाता है और इसके बाद पूजा शुरू की जाती है. बता दें कि 30 मार्च को घटस्थापना के लिए दो शुभ मुहूर्त रहेंगे, जिसमें आप घटस्थापना कर सकते हैं. पहला मुहूर्त सुबह 6 बजकर 13 मिनट से 10 बजकर 22 मिनट तक रहेगा. इसके बाद अभिजित मुहूर्त सुबह 11रू59 से दोपहर 12रू49 तक है.मां शैलपुत्री का जन्म पर्वतराज हिमालय की पुत्री के रूप में हुआ. इसलिए इनका नाम शैलपुत्री पड़ा. शैल का अर्थ होता है 'हिमालय'. इनका वाहन वृषभ (बैल) है, जोकि शिवा का ही स्वरूप है. इसलिए इनका एक नाम वृषभारूढ़ा भी है. इनका स्वरूप बेहद शांत और सरल है. मां ने अपने दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल धारण किया है. कठिन तपस्चर्या करने वाली मां शैलपुत्री पूरे वन्य जीव–जंतुओं की रक्षक भी हैं. जो भक्त शैलपुत्री की पूजा करते हैं मां उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं.चौत्र नवरात्रि के प्रथम दिन 30 मार्च 2025 को देवी शैलपुत्री की पूजा की जाएगी. पूजा के लिए सबसे पहले स्नान करें फिर साफ कपड़े पहन लें और फिर एक चौकी रखकर मां दुर्गा की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें. इसके बाद विधि–विधान से शुभ मुहूर्त पर कलश स्थापना करें और मां शैलपुत्री का ध्यान करते हुए पूजा करें. षोड्शोपचार विधि से पूजा करते हुए सभी नदियों, तीर्थों और दिशाओं का आह्वन करें. फिर मां को कुमकुम लगाकर सफेद, लाल या पीले फूल चढ़ाएं, धूप–दीप जलाएं और पांच दीप जलाएं. इसके बाद शैलपुत्री की आरती करें. आप इस दिन मां शैलपुत्री की कथा, दुर्गा चालीसा, दुर्गा सप्तशती का पाठ आदि भी कर सकते हैंमां शैलपुत्री को सफेद रंग प्रिय है. इसलिए आप इनकी पूजा में सफेद रंग की चीजों का भोग जरूर लगाएं. साथ ही पूजा में सफेद रंग की चीजों का अधिक से अधिक प्रयोग करें, जैसे–सफेद फूल, वस्त्र, मिष्ठान आदि. जो कुंवारी कन्याएं देवी शैलपुत्री की पूजा करती हैं,**।।प्रफुल्ल वंदना पल्लवाधरां कातंकपोलां तुंग कुचाम् ।कमनीयां लावण्यां स्नेमुखी क्षीणमध्यां नितम्बनीम् ।।या देवी सर्वभूतेषु शैलपुत्री रूपेण संस्थिता ।नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः ।ओम् शं शैलपुत्री देव्यैरू नमरू ।वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखर ।वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनी। ।पूणेन्दु निभां गौरी मूलाधार स्थितां प्रथम दुर्गा त्रिनेत्राम।।पटाम्बर परिधानां रत्नाकिरीटा नामालंकार भूषिता।।**
अर्थ है: मैं मनवांछित लाभ की कामना से अपने मस्तक पर अर्धचंद्र धारण करने वाली, वृषभ पर सवार, शूलधारिणी और यशस्विनी मां शैलपुत्री की वंदना करता करती हूं.

# शनि की साढ़े साती में क्या होता है, क्या इससे घबराना चाहिए?

ज्योतिष शास्त्र में शनि को सबसे प्रमुख ग्रह माना जाता है. शनि ऐसे ग्रह हैं जोकि हर व्यक्ति को शुभ और अशुभ दोनों ही फल देते हैं. क्योंकि शनि कर्म के आधार पर फल देने वाले देव हैं. शनि की साढ़े साती का नाम सुनते ही लोगों के मन में डर बैठ जाता है. क्योंकि लोगों के बीच ऐसी धारणा बनी हुई है कि साढ़े साती के दौरान का समय किसी व्यक्ति के लिए बहुत ही खतरनाक होता है और इस समय शनि दंडित करते हैं. लेकिन क्या वाकई और इसके ढाई वर्ष के बाद तीसरा चरण शुरू होता है. इस तरह से कुल मिलाकर साढ़े साती के तीन चरण साढे साती साल का होता है.शनि की साढ़े साती का पहला– व्यक्ति के जन्म की राशि से रहले वाली राशि में शनि में होता है साढ़े साती की शुरुआत होती है. पहला चरण ढाई साल का होता है और इसे साढ़े साती चढ़नी शुरू होती है.शनि की साढ़े साती का दूसरा चरण– दूसरा चरण भी ढाई साल का होता है. शनि जब गोचर होता



शनि की साढे साती से घबराने की जरूरत है? आइए जानते हैं.शनि की साढ़े साती के दौरान मिलने वाले अच्छे–बुरे परिणामों को जानने से पहले यह जानना जरूरी है कि आखिर साढ़े साती होती क्या है. ज्योतिषाचार्य अनीष व्यास बताते हैं कि शनि सभी ग्रहों में सबसे मंद गति से चलने वाले ग्रह है. शनि की साढ़े साती से आप कितना भी भयभीत हों लें. लेकिन हर किसी के जीवन में एक बार शनि की साढ़े साती जरूर लगती है. साढ़े साती किसी एक राशि में साढ़े सात साल तक रहती है, जबकि शनि एक राशि में ढाई साल तक विराजमान रहते हैं. इस तरह से एक राशि का चक्र पूरा करने में शनि को 30 सालों का समय लग जाता है. शनि जब किसी राशि में गोचर करते हैं तो उस पर साढ़े साती लगती है. लेकिन इसके साथ ही उस राशि की अगली और पिछली राशि में भी साढ़े साती का प्रभाव पड़ता है. इसे विस्तार के लिए जानने के लिए जानते हैं कि आखिर साढ़े साती काम कैसे करती है.बता दें कि साढ़े साती तीन चरणों में काम करती है. इसमें पहला, दूसरा और तीसरा तीन चरण होते हैं. जब किसी राशि पर शनि की साढ़े साती के चरण की शुरुआत होती है तो इसे हम पहला चरण कहते हैं जोकि ढाई वर्षों का होता है. ढाई वर्ष के बाद दूसरा चरण शुरू हो जाता है है तो शनि किसी राशि में प्रवेश करते हैं तो उस राशि में साढ़ेसाती का दूसरा चरण शुरू होता है. दूसरे चरण में साढ़े साती के बीच के ढ़ाई साल होते हैं. यह चरण कष्टकारी माना जाता है.शनि की साढ़े साती का तीसरा चरण– शनि गोचर करते हुए जन्म राशि से निकलकर अगली राशि में प्रवेश करते हैं तो यह साढ़े साती का आखिरी चरण कहलाता है. यह भी ढाई वर्ष का होता है और इसमें शनि जातक को शुभ फल प्रदान करते हैं.क्या शनि की साढ़े साती से घबराने की जरूरत है
शनि की साढ़ेसाती का नाम सुनते ही लोग डर जाते हैं. लेकिन हमेशा ही साढ़े साती से घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि यह ऐसा समय होता है जब व्यक्ति ठीक उसी तरह से निखरता है जैसे एक कुम्हार गीली मिट्टी को निखारते हुए सुंदर बर्तन का आकर देता है. दरअसल साढ़े साती में हमेशा ही अशुभ फल मिले ऐसा जरूरी नहीं है. साढ़े साती में शुभता या अशुभता इस बात पर निर्भर करती है कि कुंडली में शनि की स्थिति कैसी है और साथ ही साथ व्यक्ति के कर्म कैसे हैं. कुंडली में अगर शनि नीच राशि, निर्बल, शत्रु क्षेत्र में या फिर अशुभ स्थान में हो तो ऐसे में साढ़े साती के दौरान शनि कुपित होकर अशुभ फल देते हैं.

# मकर राशि का परिवार संग संपत्ति विवाद हो सकता है

मकर राशि चक्र की दसवीं राशि है. इसके स्वामी शनि ग्रह है. जानते हैं मकर राशि वाले जातकों के लिए यह नया सप्ताह यानी 23 से 29 मार्च 2025 तक का समय कैसा रहेगा और आपको समस्याओं से बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए. ज्योतिषाचार्य से जानें मकर राशि वालों का साप्ताहिक राशिफल विस्तार से मकर राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह मिलाजुला साबित होगा. इस सप्ताह आपको न सिर्फ करियर–कारोबार में बल्कि निजी रिश्तों में कठिनाई का अनुभव करना पड़ सकता है. सप्ताह की शुरुआत में भूमि–भवन से जुड़े विवाद को सुलझाने के लिए आपको कोर्ट–कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं.संपत्ति से जुड़े विवाद के चलते स्वजनों के साथ मतभेद होने की आशंका है. नौक. रीपेशा लोगों को इस सप्ताह अपने कार्य किसी दूसरे के भरोसे छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए अन्यथा बना–बनाया काम भी बिगड़ सकता है. व्यवसाय से जुड़े लोगों को अनुचित तरीके से लाभ कमाने से बचना चाहिए.भूलकर नियम–कानून को तोड़ने की गलती न करें। सप्ताह के मध्य में अचानक से कुछेक बड़े खर्च सामने आ सकते हैं, जिसे पूरा करने के लिए आपको धन भी उधार लेना पड़ सकता है. इस सप्ताह रिश्ते–नाते को बेहतर बनाने के लिए आप अपनी तरफ से हर संभव को. शिश करेंगे लेकिन आपको समझना होगा कि आप किसी को कहते क्या हैं और उस तक पहुंचता क्या है.किसी भी गलतफहमी को दूर करने के लिए विवाद की बजाय संवाद का सहारा लें. प्रेम संबंध में सावधानी के साथ कदम आगे बढ़ाएं और रिश्ते की मर्यादा बनाए रखें. सप्ताह के उत्तरार्ध में जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर मतभेद होने की आशंका है.

# चौत्र माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को पापमोचनी एकादशी का व्रत रखा जाएगाा

प्रत्येक माह में दो बार एकादशी तिथि आती है एक शुक्ल और दूसरा कृष्ण पक्ष में। सभी एकादशी व्रत के नाम अलग–अलग होते हैं। ऐसे ही चौत्र माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को पापमोचनी एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस दिन जातक व्रत रख भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा करते हैं। ऐसा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं और घर में सुख–समृद्धि बनी रहती है। एकादशी व्रत का पारण दूसरे दिन यानी सूर्योदय के बाद द्वादशी तिथि में किया जाता है। तो चलिए जानते हैं कि इस साल पापमोचनी एकादशी का व्रत कब रखा जाएगा और पूजा के लिए शुभ मुहूर्त क्या रहेगा।इस साल पापमोचनी एकादशी व्रत कि तिथि को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। तो हम आपको बता दें कि सामान्य लोग यानी गृहस्थ लोग 25 मार्च को पापमोचनी एकादशी का व्रत रखेंगे। वहीं 26 मार्च को वैष्णव जन के लोग एकादशी का व्रत करेंगे। पंचांग के अनुसार, चौत्र माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि का आरंभ 25 मार्च को सुबह 5 बजकर 4 मिनट पर होगा। एकादशी तिथि समाप्त 26 मार्च को भोर 3 बजकर 45 मिनट पर होगा। वहीं पापमोचनी एकादशी का व्रत 26 मार्च को किया जाएगा। पारण के लिए शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 58 मिनट से दोपहर 4 बजकर 26 मिनट रहेगा।एकादशी तिथि प्रारंभ– 25 मार्च 2025 को सुबह 5 बजकर 5 मिनट पर एकादशी तिथि समाप्त– 26 मार्च को सुबह 3 बजकर 45 मिनट पर वैष्णव पापमोचिनी एकादशी व्रत तिथि– 26 मार्च 2025 वैष्णव पापमोचिनी एकादशी व्रत पारण– 27 मार्च 2025 वैष्णव एकादशी के लिए पारण का समय– 27 मार्च को सुबह 6 बजकर 37 मिनट से सुबह 9 बजकर 4 मिनट तक

# हिंदू धर्म में खरमास का समय मांगलिक कार्यों के लिए शुभ नहीं माना गया



हिंदू धर्म में खरमास का समय मांगलिक कार्यों के लिए शुभ नहीं माना गया है। खरमास के शुरू होते ही शादी–विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन, नामकरण और अन्य मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाती है। बता दें कि सूर्य जब धनु और मीन राशि में प्रवेश करते हैं तबखरमास लगता है। 14 मार्च को सूर्य मीन राशि में प्रवेश किए थे, उसी दिन से खरमास भी शुरू हो चुका है। तो यहां हम जानेंगे कि खरमास कब समाप्त होगा। खरमास पूरे एक महीने तक रहता है। अब सूर्य मीन राशि से निकलकर मेष राशि में प्रवेश करेंगे तब खरमास का समापन होगा। बता दें कि सूर्य जब मीन या धनु राशि में प्रवेश करते हैं तो उनका तेज कम हो जाता है। ज्योतिषों के अनुसार, किसी भी शुभ और मांगलिक कार्य के लिएसूर्य का तेज होना जरूरी होता है। यही वजह है कि खरमास के दौरान विवाह और अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। खरमास 13 अप्रैल 2025 को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद शादी–विवाह, गृह प्रवेश और अन्य शुभ कार्य फिर शुरू हो जाएंगे।खरमास में पूजा–पाठ करना बहुत ही फलदायी माना जाता है। खरमास में सूर्य देव कोप्रसन्न करने के लिए सूर्य चालीसा का पाठ करना चाहिए। कहते हैं कि ऐसा करने से कुंडली में सूर्य की स्थिति मजबूत होती है। सूर्य देव की कृपा जिस भी यक्ति पर रहती है उसे समाज में मान–सम्मान में वृद्धि होती है। इसके साथ ही जातक को हर क्षेत्र में अपार सफलता प्राप्त होती है।अप्रैल में विवाह के लिए 9 शुभ दिन है। अप्रैल विवाह शुभ तिथियां– 14, 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29 और 30 अप्रैल।

# वृंदावन में वीकेएंड पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बांके बिहारी जी जाने वाले रास्ते हुए पैक, संडे और रंगनाथ की रथयात्रा पर पहुंचे हजारों भक्त



वृंदावन में वीकेएंड पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़रूबांके बिहारी जी जाने वाले रास्ते हुए पैक, संडे और रंगनाथ की रथयात्रा पर पहुंचे हजारों भक्तरविवार को वृंदावन में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बांके बिहारी जी मंदिर जाने वाले रास्ते में श्रद्धालुओं एकदम से पैक हो गए। भीड़ एसी की पैर रखने की जगह नहीं बची। रविवार को छुट्टी और भगवान रंगनाथ की रथ यात्रा होने के कारण आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।

# साल 2025 में 29 मार्च 2025 को सूर्य ग्रहण

हिंदू धर्म में ग्रहण को शुभ नहीं माना गया है। जब भी चंद्र या सूर्य ग्रहण लगता है तब किसी भी तरह के शुभ मंगल कार्य नहीं किए जाते हैं। साल 2025 में 29 मार्च 2025 को सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है, जिसका असर सभी 12 राशियों पर देखने को मिलेगा। सूर्य ग्रहण का प्रभाव प्रत्येक राशि पर अलग–अलग होता है। यह समय किसी प्रकार के नकारात्मक या सकारात्मक प्रभाव के रूप में देखा जाता है। तो आइए ज्योतिषी चिराग दारूवाला से जानते हैं कि साल 2025 में लगने वाला सूर्य ग्रहण आपकी राशि के लिए कैसा रहेगा।**मेष राशि:** सूर्य ग्रहण आपकी पहले घर पर असर डाल सकता है, जिससे आत्मविश्वास में कमी या आंतरिक उथल–पुथल हो सकती है। इस समय आत्म. निर्भरता में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन अपने आंतरिक विचारों और भावनाओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है।**वृषभ राशि:** सूर्य ग्रहण आपके दूसरे घर में प्रभाव डाल सकता है, जिससे पैसों और संपत्ति से जुड़े मामलों में कुछ तनाव हो सकता है। यह समय परिवार और वित्तीय मामलों में सावधानी बरतने का है। **मिथुन राशि :** सूर्य ग्रहण आपके तीसरे घर पर असर डाल सकता है, जो आपके मानसिक दृष्टिकोण और संवाद कौशल से जुड़ा है। यह समय शांति से सोचने और तनाव से बचने का है। कर्क राशि:
सूर्य ग्रहण आपके चौथे घर में हो सकता है, जिससे घर और पारिवारिक जीवन में तनाव या उलझनें हो सकती हैं। यह समय परिवार के साथ समय बिताने और आंतरिक संतुलन बनाए रखने का है। **सिंह राशि:** सूर्य ग्रहण आपकी पांचवें घर पर प्रभाव डाल सकता है, जिससे शिक्षा, रचनात्मकता और बच्चों के मामलों में कुछ बदलाव हो सकते हैं। इसे सकारात्मक रूप से लेने की कोशिश करें।**कन्या राशि:** यह ग्रहण आपके छठे घर में हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य, कार्यस्थल और रोजमर्रा की समस्याओं पर ध्यान देने की आवश्यकता हो सकती है। **तुला राशि:**सूर्य ग्रहण आपके सातवें घर में होगा, जो आपके विवाह और साझेदारी से संबंधित है। यहां पर रिश्तों में कुछ चुनौतियां हो सकती हैं, लेकिन यह समय समझदारी से संवाद करने का है।वृश्चिक राशि:सूर्य ग्रहण आपके आठवें घर पर प्रभाव डाल सकता है, जो साझा संपत्ति और मानसिक तनाव से जुड़ा है। इसे ध्यान से संभालने की आवश्यकता है, खासकर वित्तीय मामलों में।धनु राशियह ग्रहण आपके नौवें घर पर प्रभाव डाल सकता है, जो यात्रा, उच्च शिक्षा और धर्म से संबंधित है। इस समय आध्यात्मिकता और ज्ञान की ओर रुझान बढ़ सकता है।
मकर राशि:सूर्य ग्रहण आपके दसवें घर में हो सकता है, जिससे करियर और सामाजिक प्रतिष्ठा पर प्रभाव पड़ सकता है। यह समय कुछ नया करने और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने का है।कुंभ राशि: यह ग्रहण आपके ग्यारहवें घर पर असर डाल सकता है, जो मित्रों और समाज से संबंधित है। इस समय कुछ नई मित्रता हो सकती है और सामाजिक जीवन में वृद्धि हो सकती है।मीन राशि: सूर्य ग्रहण आपके बारहवें घर में हो सकता है, जो मानसिक शांति और विश्राम से जुड़ा है। यह समय खुद से जुड़ने और मानसिक शांति के लिए काम करने का है।

# रमजान का 22वां रोजा




रमजान का 22वां रोजा दुनियाभर में कई धर्म के लोग रहते हैं और हर मजहब में इबादत करने के अलग–अलग तरीके होते हैं. वैसे तो सभी धर्मों में कई त्योहार पड़ते हैं, लेकिन कुछ दिनों को इबादत के लिए विशेष माना जाता है. जैसे हिंदू धर्म में नवरात्र, जैन धर्म में खास, सिख में ओंकार सतनाम का जाप, ईसाई में हॉली फास्टिंग. इसी क्रम में इस्लाम धर्म में भी रजमान को खास मुकाम हासिल है.रमजान की शुरुआत होते ही दुनियाभर के मुसलमान रोजा रखने लगते हैं. लेकिन जैसे–जैसे रमजान का महीना अंतिम पड़ाव पर पहुंचने लगता है, रोजेदार भी नेकी–नियत के साथ अल्लाह से जुड़ने लगते हैं. इस्लाम में बाईसवें रोजे को पाकीजगी और परहेजगारी का दिन माना जाता है.बता दें कि रविवार 23 मार्च 2025 को रमाजन महीने का बाईसवां रोजा रखा जाएगा. बीते 21 रोजे की तरह इस दिन भी रोजेदार सहरी के साथ रोजे का संकल्प लेंगे और इफ्तार के बाद बाईसवां रोजा पूरा हो जाएगा. इस तरह से रोजा मुकम्मल होने के लिए सही समय पर सहरी और इफ्तार करना बेहद जरूरी है.हालांकि रमजान के दिनों में अलग–अलग शहरों में सहरी और इफ्तार के समय में कुछ मिनट का अंतर होता है. ऐसे में जान लीजिए कि 23 मार्च को दिल्ली, मुंबई, लखनऊ, कानपुर, कोलकाता, हैदराबाद, जयपुर, पटना समेत अन्य शहरों में सहरी–इफ्तार का समय क्या रहने वाला है. आप अपने शहर के अनुसार सहरी इफ्तार का समय यहां देख सकते हैं और रोजा खोलने और रखने की तैयारी कर सकते हैं.